तकनीकी शिक्षा में वास्तविक सुधार की दरकार

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने विश्वविद्यालय से संबंध में संस्थानों में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रों से बातचीत की। निरीक्षण के बाद कुलपति ओंकार सिंह ने कहा कि तकनीकी शिक्षा में वास्तविक सुधार की दरकार है। मंगलवार को कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह दून इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ऋषिकेश, महादेवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी देहरादून व राजकीय होटल मैनेजमेंट एंड एपलाईड न्यूट्रिशन देहरादून में औचक निरीक्षण किया। संस्थानों में छात्रों की उपस्थिति में कमी व कमजोर शिक्षण व्यवस्था में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी। संवाद